फैक्स / आवश्यक / महत्वपूर्ण / शीर्ष प्राथमिकता

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

1–तिलकमार्ग लखनऊ।

संख्या–डीजी–चार–101(18) / 2018(पदोन्नति)     दिनॉकः लखनऊःनवम्बर 26, 2018

## आदेश

उपनिरीक्षक ना0पु0 से निरीक्षक ना0पु0 के पद पर प्रोन्नति हेतु स्थगित प्रकरणों एवं मा0 न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के अनुपालन में पुनर्विचार से संबधित उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ को भेजे गये प्रकरणों पर विचारण हेतु उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति द्वारा दिनॉक 16–11–2018 को बैठक का आयोजन करते हुये उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक(नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 मे निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाए जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप पुलिस स्थापना बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त उन्हे उनके वर्तमान नियुक्ति के स्थान से उनके नाम के सम्मुख अंकित जनपद / इकाई में तत्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित / समायोजित करते हुये उक्त कर्मियों को नवनियुक्त स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है:–

| क्र सं. | पीएनओन0 | नाम | पिता का नाम सर्वश्री | जन्मतिथि | गृह जनपद | वर्तमान तैनाती | प्रस्तावित तैनाती जोन / इकाई का नाम | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 872290165 | बटेश्वर नाथ दुबे | चन्द्रमा प्रसाद दुबे | 01.01.1968 | जोनपुर | फतेहपुर | फतेहपुर | 2016 |
| 2 | 832250837 | मुरारी यादव | जियाराम यादव | 03.01.1965 | वाराणसी | लखनऊ | अमेठी | 2016 |
| 3 | 820896988 | प्रेम कुमार | गोपी नाथ जी | 20.06.1962 | कानपुर नगर | खीरी | भ्र0नि0सं0 | 2016 |
| 4 | 902420106 | विनय कुमार सिंह | धीरेन्द्र सिंह | 14.01.1967 | लखनऊ | हमीरपुर | महोबा | 2017 |
| 5 | 982020049 | योगेश सिंह बालियान | रणधोल सिंह | 02.10.1970 | मु0नगर | बुलन्दशहर | हापुड | 2017 |
| 6 | 002330251 | कटार सिंह | ईलम सिंह | 01.12.1964 | सहारनपुर | गाजियाबाद | बुलन्दशहर | 2017 |
| 7 | 012090075 | पंकज कुमार सिंह | राजेन्द्र प्रसाद सिंह | 03.03.1974 | जोनपुर | मऊ | मऊ | 2017 |
| 8 | 012530133 | जितेन्द्र कुमार सिंह | भागेश्वर सिंह | 01.01.1974 | मिर्जापुर | गाजियाबाद | बुलन्दशहर | 2017 |
| 9 | 012810055 | जितेन्द्र सिंह | गया प्रसाद सिंह | 12.04.1975 | फतेहपुर | फतेहगढ | जालोन | 2017 |
| 10 | 012490165 | विजय पाल सिंह | वरमपाल सिंह | 02.07.1976 | उन्नाव | बरेली | शाहजहॉपुर | 2017 |
| 11 | 052490109 | योगेन्द्र कुमार | सुरेश चन्द्र | 08.07.1981 | बुलन्दशहर | आगरा | हाथरस | 2017 |
| 12 | 052231416 | सुबोध कुमार | सुभाष चन्द्र | 01.01.1982 | इटावा | मथुरा | मथुरा | 2017 |
| 13 | 050893203 | आनन्द कुमार पाण्डेय | राम अवध पाण्डेय | 27.08.1979 | वाराणसी | जालोन | जालोन | 2017 |
| 14 | 052673261 | अश्वनी कुमार विश्वकर्मा | बाबूलाल विश्वकर्मा | 01.01.1979 | वाराणसी | अमेठी | अमेठी | 2017 |
| 15 | 072320121 | आलोक सोनी | दिनेश चन्द्र सोनी | 19.08.1976 | वाराणसी | देवरिया | देवरिया | 2017 |
| 16 | 072760143 | प्रणय प्रसून श्रीवास्तव | प्रेमानन्द श्रीवास्तव | 17.04.1975 | आजमगढ | चन्दौली | चन्दौली | 2017 |
| 17 | 072070039 | मनोज कुमार | मदन लाल | 28.10.1976 | मेरठ | बरेली | मुरादाबाद | 2017 |
| 18 | 052350043 | राज कुमार | मनोहर लाल | 12.08.1979 | बदायूं | सीतापुर | फैजाबाद | 2017 |
| 19 | 052590056 | राज कुमार सरोज | राम सुमेर सरोज | 15.06.1970 | इलाहाबाद | शाहजहॉपुर | अमरोहा | 2017 |
| 20 | 872151060 | राम निवास सिंह | खुशी राम | 04.07.1968 | मैनपुरी | हापुड़ | हापुड | 2017 |
| 21 | 862810221 | विद्या शंकर मिश्र | शीतला प्रसाद मिश्र | 01.01.1966 | प्रतापगढ | वाराणसी | वाराणसी | 2017 |
| 22 | 912430490 | सनत कुमार मिश्र | रमाशंकर मिश्र | 15.04.1972 | इलाहाबाद | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्ध नगर | 2017 |
| 23 | 902330784 | वेद राम | हीरा लाल | 15.02.1968 | शाहजहॉपुर | गौतमबुद्धनगर | बुलन्दशहर | 2017 |
| 24 | 872260250 | राम शंकर | संघारी | 28.02.1966 | कानपुर नगर | आगरा | मैनपुरी | 2017 |
| 25 | 892461923 | विजय कुमार | मेवा लाल | 20.08.1965 | कानपुर नगर | गाजियाबाद | बुलन्दशहर | 2017 |
| 26 | 832100103 | गया प्रसाद वर्मा | लल्लू | 01.01.1959 | हमीरपुर | बाराबंकी | बाराबंकी | 2017 |
| 27 | 870881668 | तेज बहादुर सिंह | बाबूराम | 01.04.1965 | इटावा | झांसी | जालोन | 2017 |

101-2018-doc

Scanned by CamScanner

2– पदोन्नति पाये समस्त उपनिरीक्षकगण अपने नवनियुक्ति स्थान पर ही निरीक्षक ना0पु0 के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे, जिसे सेवानियमावली के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढाया जा सकेगा। सफलता पूर्वक परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर सक्षम स्तर से इस हेतु आदेश निर्गत किये जायेंगे। पदोन्नति पाए कर्मियो के वर्तमान नियुक्ति का स्थान यदि स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो संबंधित जनपद/इकाई प्रभारी उन्हे अपने स्तर से सूचित करते हुये नवनियुक्त स्थान पर उन्हें कार्यभार ग्रहण करने हेतु सूचित करेंगे। पदोन्नति प्राप्त निरीक्षकों का यदि जोन/परिक्षेत्र का कार्यकाल पूर्ण हो चुका हो एवं उनके समायोजन में कोई नीतिगत बाधा हो तो उससे इस मुख्यालय को तत्काल अवगत कराया जाए।

3– पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित उपनिरीक्षक से संलग्न प्रारूप(क)में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या–13/21/89–का–1–1997 दिनॉक 28–5–1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉ:–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है।

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिए आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4– यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं है तो सम्बन्धित उपनिरीक्षक ना0पु0 को निरीक्षक ना0पु0 के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती हैं तो संबंधित उपनिरीक्षक के पदोन्नति आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद व इस मुख्यालय को आख्या उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5– यदि सम्बन्धित उपनिरीक्षक द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी,जहॉ पर संबंधित उपनिरीक्षक द्वारा स्वघोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथमसूचना रिपोर्ट की प्रतिसहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनत किये जाने के संबंध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख पुलिस मुख्यालय व इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की बेबसाइट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक/जनपद/इकाई प्रभारी उक्त आदेश की प्रति अपने स्तर से अपलोड कर पदोन्नति आदेश का कियान्वयन तत्काल कराना सुनिश्चित करें तथा अनुपालन से सर्वसंबंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–प्रारूप(क)

26/01/18

(डा0राकेश शंकर)
पुलिस उप महानिरीक्षक,कार्मिक/स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ मे कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
2– अपर पुलिस महानिदेशक, भ्र0नि0सं0,उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक उ0प्र0।
4– पुलिस अधीक्षक, कार्मिक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
5– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद फतेहपुर/लखनऊ/खीरी/हमीरपुर/बुलन्दशहर/गाजियाबाद/मऊ/फतेहगढ/बरेली/आगरा/मथुरा/जालौन/अमेठी/देवरिया/चन्दौली/सीतापुर/शाहजहॉपुर/मेरठ/वाराणसी/गौतमबुद्धनगर/बाराबंकी/झासी/महोबा/हापुड/ /हाथरस/मथुरा/मुरादाबाद/फैजाबाद/अमरोहा/मैनपुरी ।

**प्रतिलिपि**–अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ को उपरोक्त संदर्भ में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

101 -2018 - doc

Scanned by CamScanner

प्रारूप–''क''

# स्वघोषणा–पत्र

मैं,--------------------(नाम/पदनाम व पीएनओ)--------------------
पुत्र----------------------निवासी-----------------------------------
थाना----------जनपद--------वर्तमान में(जनपद/इकाई का नाम)-------------
----------- नियुक्त हूँ तथा घोषित करता हूँ कि:–

''मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित नहीं है तथा कोई आपराधिक अभियोग मा0न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही वर्तमान मे निलम्बित हूँ।''

2– उपरोक्त घोषणा में यदि मेरे द्वारा कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरी पदोन्नति निरस्त कर मुझे मूल पद पर पदावनत करते हुये मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

3– यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दवाब के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर
(नाम/पदनाम/पीएनओ सहित)
नियुक्ति स्थान/दिनॉक

यदि सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित है अथवा कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है अथवा निलम्बित है तो उसका पूर्ण विवरण उसके द्वारा नीचे अंकित किया जायेगा:–

(1) वर्तमान में निलम्बित है तो उसका निलम्बन आदेश/दिनॉक तथा कारण ------
(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई----------में कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनॉक:----------- को आरोप–पत्र दिया गया है।
(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0------------ धारा------------थाना ----------- जनपद----------में लम्बित है, जिसमें दिनॉक:----------को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी---------------द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में----------स्तर पर चल रहा है।

हस्ताक्षर
(नाम/पदनाम/पीएनओ सहित)
नियुक्ति स्थान/दिनॉक

**प्रमाणित**

जनपद/इकाई के प्रभारी
नाम/पदनाम की मुहर

**नोट:**–स्वघोषणा–पत्र में अंकित जो प्रस्तर अथवा उपप्रस्तर लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (X) दिया जाय।

Scanned by CamScanner